प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

अनुपूरक बजट

प्रदेश विधानसभा ने आज वर्ष 2025–26 के लिए 40 हजार 4 सौ 61 करोड़ 95 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पारित कर दिया। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में वर्ष 2025–26 के लिए यह अनुपूरक बजट पेश किया। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक, 2026 पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन द्वारा पारित अनुपूरक बजट में 36 हजार 3 सौ 74 करोड़ 61 लाख रुपये राज्य स्कीमों के लिए और 4 हजार 87 करोड़ 34 लाख रुपये केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए रखा गया है। राज्य स्कीमों के अंतर्गत 26 हजार एक सौ 94 करोड़ 95 लाख रुपये वेज एंड मिनस और ओवरड्राफट के लिए रखे गए हैं, जबकि 4 हजार एक सौ 50 करोड़ 14 लाख रुपये विद्युत उत्पादन और बिजली बोर्ड को उदय योजना के तहत उपलब्ध करवाए गए ऋण को इक्विटी में बदलने के लिए रखे गए हैं।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि प्रदेश में अगले छह महीने में कोई भी पीएचसी बिना डाक्टरों के नहीं रहेगी। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने एक सौ 62 डाक्टरों की भर्ती कर ली है जबकि 2 सौ 36 डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस बीच डाक्टरों की भर्ती के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान विधायक राकेश जम्वाल के मूल प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों के 2 हजार 3 सौ 37 और विशेषज्ञ चिकित्सकों के 6 सौ 83 पद स्वीकृत है। इस में से चिकित्सकों के 2 हजार एक सौ 59 पद और विशेषज्ञ चिकित्सकों के 4 सौ 47 पद भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जरूरत से ज्यादा मेडिकल कालेज खुल गए हैं जबकि यहां तीन से चार मेडिकल कालेज होने चाहिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कारण हर साल पास आउट होने वाले सभी 8 सौ 70 एमबीबीएस और 2 सौ 47 पीजी डॉक्टरों को सरकारी क्षेत्र में नौकरी देना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य विभाग में युक्तिकरण कर रही है।

विधानसभा प्रदर्शन

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के आज दूसरे दिन भी सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने अवैध वन कटान पर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और वन व खनन माफिया को संरक्षण देने के आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में अवैध रूप से 3 सौ से ज्यादा जबकि धर्मपुर

विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से सैकड़ों पेड़ काटे गए हैं। विपक्ष ने इसे पर्यावरण और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बताया है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में पिछले 24 घंटों से ऊंची चोटियों पर हिमपात और निचले व मैदानी इलाकों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...........

हिमाचल प्रदेश के चम्बा, किन्नौर, लाहौल स्पीति सहित कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर पिछले कल से हिमपात और अन्य हिस्सों में हल्की वर्षा का क्रम आज भी जारी है। भारी बर्फबारी और खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए अटल टनल रोहतांग से आवाजाही को बंद कर दिया है। जनजातीय जिलों में वर्षा और बर्फबारी से कई अंदरूनी सड़कें यातायात के लिए बंद हैं, हालांकि इन्हें खोलने के प्रयास जारी है। लंबे अंतराल के बाद ये वर्षा व बर्फबारी कृषि क्षेत्र के लिए लाभकारी भी मानी जा रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व निचले क्षेत्रों में वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।